Regarding construction of elevated flyover at Gangrar and underpass at Vallabhnagar

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी (चित्तौड़गढ़) : माननीय सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान चित्तौड़गढ़ के एक महत्वपूर्ण विषय की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं ।

आदरणीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में सड़क और परिवहन मंत्रालय ने चित्तौड़गढ़ संसदीय क्षेत्र सहित पूरे राजस्थान में सड़क और परिवहन मंत्रालय की कई सौगातें दी हैं । आज़ादी के बाद के 60 वर्षों में जितना काम नहीं हुआ, उससे ज्यादा काम पिछले दस वर्षों में चित्तौड़गढ़ संसदीय क्षेत्र सहित पूरे राजस्थान में हुआ है । इसमें केन्द्रीय सड़क निधि की सड़कें भी हैं और 4-लेन से 6-लेन की सड़कें भी हैं ।

महोदया, अभी किशनगढ़ से अहमदाबाद तक एक 6-लेन सड़क बनी । उसमें भीलवाड़ा से उदयपुर के बीच लगभग डेढ़ से दो किलोमीटर तक का एक गंगरार कस्बा है । वहां फ्लाईओवर बनने पर दोनों तरफ के बाज़ार एक तरह से खत्म-से हो जाएंगे । आपके माध्यम से मेरी सरकार से मांग है कि अगर वहां एलिवेटेड फ्लाईओवर बनता है तो वहां के बाज़ार भी सुरक्षित रह पाएंगे और उस क्षेत्र के लोगों को सुविधाएं भी मिल पाएंगी ।

वहां इसके बीच एयरपोर्ट के नज़दीक एक वल्लभनगर कंस्टीट्युन्सी है, जो विधान सभा क्षेत्र मुख्यालय है । वहां जाने के लिए एक अंडरपास की आवश्यकता है ।

महोदया, वहां अगर ऐसे दो-तीन काम हो जाएंगे तो निश्चित रूप से 4-लेन से 6-लेन सड़क होने का फायदा उस क्षेत्र के लोगों को मिलेगा । आपके माध्यम से मेरी सरकार से यही मांग है ।